भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2938**
13.08.2026 को उत्तर के लिए

**वन्यजीव विज्ञान में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम**

2938 **श्री केसरीदेवसिंह झालाः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने संरक्षित क्षेत्रों के प्रबंधन और मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं से निपटने हेतु विशेषज्ञ वन्यजीव वैज्ञानिकों और संरक्षणविदों की कमी का आकलन किया है;

(ख) भारतीय वन्यजीव संस्थान जैसे मौजूदा केंद्रीय निकायों द्वारा वन्यजीव विज्ञान में प्रदान किए जा रहे समर्पित स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार विश्वविद्यालयों में वन्यजीव प्रबंधन पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विस्तार का विचार रखती है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ये पाठ्यक्रम कब तक आरंभ किए जाने प्रस्तावित हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (घ) वन्यजीवों और उनके पर्यावासों का संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन संबंधित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किया जाता है और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) संबंधित राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को या उन मामलों में जहां केंद्र सरकार या अन्य संस्थानों को इसकी विशेषज्ञ सेवाओं की आवश्यकता होती है। यथापेक्षित सभी विशिष्ट वैज्ञानिक और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। जहां तक भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) का संबंध है, यहां वन्यजीव वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में 33 वैज्ञानिक कार्यरत हैं। प्रयोज्य नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार, अपेक्षानुसार जनशक्ति की नियुक्ति संबंधित राज्य सरकारों /संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा की जाती है।

भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून इस मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जो अपने देहरादून परिसर में वन्यजीव विज्ञान और स्वच्छ जल पारिस्थितिकी एवं संरक्षण में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम और कोयंबटूर स्थित अपने दक्षिणी केंद्र में वन्यजीव विज्ञान और ऑरनिथोलॉजी में स्नातकोत्तर कार्यक्रम चलाता है। भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून में उन्नत वन्यजीव प्रबंधन संबंधी स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम और प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम भी संचालित किया जाता है।

मंत्रालय, भारत के विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित किए जाने वाले वन्यजीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रमों का विवरण संकलित नहीं करता है।

*****